संख्या-502/2018/586/22-2-2018-17(163)/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 **लखनऊ दिनांक 15 जून, 2018**

विषय केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अशोक शर्मा पुत्र श्री शंकरलाल, निवासी जनपद-कानपुरनगर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-15233/प्रोबेशन-3/ फार्म-ए (एम-17-11-2016) दिनांक-18-04-2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र दिनांक 18-04-2018 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी अशोक शर्मा पुत्र श्री शंकरलाल, निवासी-22/75 फीलखाना, थाना-फीलखाना, जनपद-कानपुर नगर का रहने वाला है। बन्दी ने दिनांक 22-08-2001 को 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लूट के इरादे से डकैती डाली तथा नीता शर्मा नामक महिला पर तमंचे से फायर कर हत्या कर दी एवं 01 अन्य को चाकू मार कर घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-**32** /2002 में भा0द0वि0 की धारा-396, **412** के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सख्या-8, कानपुरनगर के आदेश दिनांक 08.10.2004 द्वारा आजीवन करावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 11-11-2016 तक 15 वर्ष 01 माह 17 दिन की अपरिहार सजा तथा 19 वर्ष 01 माह 28 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी**,** पुलिस अधीक्षक, **जिला मजिस्ट्रेट**, **कानपुरनगर** एवं जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड ने अंकित किया है कि बन्दी ने दिनांक 22-08-2001 को 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लूटने के इरादे से डकैती डाली जिसमें नीता शर्मा की हत्या की तथा सुलोचना को घायल करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी की आयु 36 वर्ष लगभग है तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होने के साथ ही पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं है इसकी पुष्टि जिला प्रोबेशन अधिकारी**,** पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट**,** कानपुरनगर द्वारा अतिरिक्त 05 बिन्दु की आख्या में की है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता**,** समिति द्वारा समयपूर्व रिहाई का किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी अशोक शर्मा पुत्र श्री शंकरलाल शर्मा को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति नहीं की** गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी अशोक शर्मा (बन्दी संख्या-26267) पुत्र श्री शंकरलाल, निवासी जनपद-कानपुरनगर के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-502/2018/586(1)/22-2-2018 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, जनपद कानपुरनगर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्ंया-502/2018/586/22-2-2018-17(163)/2017

दिनांक 15 जून, 2018 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अशोक शर्मा (बन्दी संख्या-26267) पुत्र श्री शंकरलाल, निवासी- 22/75 फीलखाना, थाना-फीलखाना, जनपद-कानपुर नगर का रहने वाला है। बन्दी ने दिनांक 22-08-2001 को 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लूट के इरादे से डकैती डाली तथा नीता शर्मा नामक महिला पर तमंचे से फायर कर हत्या कर दी एवं 01 अन्य को चाकू मार कर घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-**32** /2002 में भा0द0वि0 की धारा-396, **412** के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सख्ंया-8, कानपुरनगर के आदेश दिनांक 08.10.2004 द्वारा आजीवन करावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 11-11-2016 तक 15 वर्ष 01 माह 17 दिन की अपरिहार सजा तथा 19 वर्ष 01 माह 28 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी**,** पुलिस अधीक्षक, **जिला मजिस्ट्रेट**, **कानपुरनगर** एवं जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड ने अंकित किया है कि बन्दी ने दिनांक 22-08-2001 को 09 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लूटने के इरादे से डकैती डाली जिसमें नीता शर्मा की हत्या की तथा सुलोचना को घायल करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी की आयु 36 वर्ष लगभग है तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होने के साथ ही पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं है इसकी पुष्टि जिला प्रोबेशन अधिकारी**,** पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट**,** कानपुरनगर द्वारा अतिरिक्त 05 बिन्दु की आख्या में की है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता**,** समिति द्वारा समयपूर्व रिहाई का किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी अशोक शर्मा पुत्र श्री शंकरलाल शर्मा को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति नहीं की** गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई **अस्वीकार** किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in